# याद में तेरी कृष्ण मुरारी | Lakhbir Singh Lakkha

याद में तेरी कृष्ण मुरारी, जोगन हो गयी राधा प्यारी
ढूंढ रही पनघट पे तुमको, रो रो कर है सखियाँ सारी
सूना गोकुल सूना मधुबन और सूना सूना है वृन्दावन
गौवे तेरी बिलख रही हैं, याद में तेरी मनमोहन

गोपाल सूना सूना तुझ बिन ये ब्रज है सारा
गोपाल सूना सूना ..........

सूनी हैं ब्रज की गालिया, सूना है कुञ्ज सारा
सूनी कदम्ब की डालें, सूना चमन है सारा
यमुना का तट है सूना, सूनी है जल की धरा
गोपाल सूना सूना ..........

सूनी है दिल की धड़कन,बिछड़ा जो श्याम प्यारा
रोती हैं सारी सखियाँ, बंसी ने ऐसा मारा
राधा तेरी सिसकती बहती है अश्रु धारा
गोपाल सूना सूना ..........

उद्दव मना के लाओ ज़रा श्याम सांवरे को
कहना ना चैन आता बिन श्याम ज्ञान जी को
हमें श्याम से मिला दो एहसान हो तुम्हारा
गोपाल सूना सूना ..........

भगवान से जुड़ा है नंदू का ऐसा नाता
तेरी ज्योत के सहारे लिखता भजन है गाता
दो प्रीत श्याम मुझको, लक्खा बने तुम्हारा
गोपाल सूना सूना ..........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%a6-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%83%e0%a4%b7%e0%a5%8d%e0%a4%a3-%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-lakh/